# राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चंदवा में लिया कई बूथों का जायजा

## अधिकारियों को किया निर्देशित कहा युवा समेत कोई भी वोटर मतदान से चुके नहीं इसका रखें ख्याल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मतदान केंद्र का निरीक्षण करती टीम।

**चंदवा।** झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा शनिवार को चंदवा पहुंची। जहां अधिकारियों की टीम के साथ प्रखंड के मध्य विद्यालय चंदवा व मध्य विद्यालय बोरसीदाग में स्थित मतदान केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय जैसे मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली साथ ही बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ साथ विद्यालय प्रबंधन को मतदान केंदो में मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नेहा अरोड़ा ने लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से ना चुके इसको लेकर मतदाताओं के साथ लगातार जुड़े रहने की बात कही, साथ ही युवा वोटरों से कनेक्टिविटी को बढ़ाने का भी निर्देश दिया। बीएलओ सुपरवाइजर को अधिकारी-पदाधिकारी के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कराने की भी बात कही, इस दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी या शिकायत होने पर सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत करने, निशक्त मतदाताओं के लिए सक्षम एप के माध्यम से मिलने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी साझा करने की भी बात कही। निरीक्षण के कार्यक्रम में मध्य विद्यालय चंदवा में अस्थाई रूप से रह रहे सहायक पुलिस बल के कैंप को तत्काल विद्यालय से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने का भी निर्देश पुनि सह थाना प्रभारी व अन्य अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के उपरांत नेहा अरोड़ा अधिकारियों की टीम के साथ लातेहार गंतव्य के लिए रवाना हो गई। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी लातेहार मेरी मडकी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद, इंस्पेक्टर रणधीर कुमार, मवि चंदवा की प्रधान अध्यापिका राधिका कुमारी, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार समेत कई अन्य मौजूद थे।

# चंदवा में पुराने भाजपाइयों व जनसंघ कार्यकताओं से मिले प्रकाश राम

## कहा आपने जो बीज बोया था वह आज वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम होली त्योहार को लेकर इनदिनों पुराने और जनसंघ काल के भाजपा नेताओं से मिलने उनके निवास स्थान जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को प्रकाश राम भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता समेत भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं के संग सुदूरवर्ती क्षेत्र बनहरदी, सांसग, बारी और चंदवा पश्चमी क्षेत्र में निवास करने वाले जनसंघी और भाजपाइयों से मिलकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया। प्रकाश राम ने कहा कि आप लोगों ने जो पार्टी रूपी बीच को बोया था आज वह पार्टी वटवृक्ष का रूप धारण कर लिया है। इसके पीछे आप लोगों की निष्ठा,तपस्या और त्याग है। वही जनसंघ काल के नेता काफी भावुक दिखे, उन्होंने कहा कि हमारी सोच को आप जैसे लोग साकार कर रहे है। हमलोगो का परिश्रम व्यर्थ नही गया। बनहरदी गांव के नंदकिशोर यादव ने उस समय की बात बतायी कि पार्टी के लिए काम करने के दंड स्वरूप नक्सलियों ने उनकी पिटाई तक की थी। आज भाजपाइयों का पूरा दल मेरे घर मे आया मेरा पुराना घाव भर गया। इस दौरे में पूर्व



मुलाकात करते प्रकाश राम।

विधायक प्रकाश राम के साथ राजकुमार पाठक, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, आशीष सिंह, बिनय कुमार रिक्की, आशीष गुप्ता, श्रवण गुप्ता, कृष्णा कुमार, छोटू कुमार, अवधेश यादव, सुरेश यादव, देवमणि वैद्य, आशीष शाहदेव, शंकर साहू, विजेंद्र गुप्ता, रंजीत प्रसाद समेत कई लोग शामिल थे।

### जनसंघ काल के इन नेताओं से मिले प्रकाश राम

बनहरदी के बनेश्वर यादव, नंदकिशोर यादव,सुखदेव मिस्त्री, नागेश्वर यादव बारी पंचायत के योगेंद्र सिंह, बालेश्वर सिंह, सुरेंद्र मुखर्जी, प्रभु महतो, नंदकिशोर महतो, बिहारी साव, बीरेंद्र शाहदेव के अलावा चंदवा के राजेशचंद्र पांडेय, शंभु शरण गुप्ता, निर्मल शर्मा, महेंद्र साहू, राम जी राम वर्मा, नरेश प्रसाद गुप्ता आदि से मिले।

## स्पीड न्यूज

### प्रशासन ने सघन वाहन जांच अभियान में की सख्ती

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा तिथि की घोषणा किए जाने के बाद पूरे देश में आचार संहिता लागू हो गया है। आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव को भय व भ्रष्टाचार मुक्त संपन्न करने व धनबल-शराब के अवैध इस्तेमाल पर रोक को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह व पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस के द्वारा एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा प्रखण्ड कार्यलय के समीप स्थित वन विभाग चेकनाका के पास चेकिंग पॉइंट बनाया गया है, जहां वाहनों की लगातार जांच की जा रही है है। प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट की निगरानी में शनिवार को एनएच से गुजरने वाले सैकड़ो वाहनों की सख्ती से जांच की गई। हालांकि जांच के दौरान अब तक किसी प्रकार की अवैध पैसे या सामग्री की बरामदगी की सूचना नहीं है। मजिस्ट्रेट ने बताया कि आगामी चुनाव तक यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। जांच में चंदवा थाना के पदाधिकारी व जवान भी शामिल थे।

### सीएम की गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी दलों ने की प्रेस वार्ता

**चंदवा।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी के द्वारा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार किये जाने के बाद विपक्षी दलों में रोष देखा जा रहा है। शुक्रवार की देर शाम आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष असगर खान व माकपा नेता अयूब खान ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकतंत्र के लिए काला अध्याय बताया। कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर विपक्ष को समाप्त करने का प्रयास कर रही है जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

### होली रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम बेसरा व फूलसु पंचयात के ग्राम बारीबाद मे सिंजेटा धान, मक्का बीज कंपनी के द्वारा होली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे इस प्रतियोगिता में गांव की बच्चियों ने बहुत ही अच्छी रंगोली बनाकर अपना कलाकारी दिखाई। पास के अगल-बगल की गांव के महिला एवं पुरुष भारी संख्या मे भाग लिए। वहीं एमडीओ पंकज सिंह व पीके सिंह उपस्थित किसानो को बताया की एस 4003 धान दो नंबर जमीन मे अधिक उपज देने वाला धान है, तथा इसके लम्बी बाली एवं घनी होती है और दाने वजनदार होते है ये धान लगभग 120 दिनों मे पक कर तैयार हो जाता है और मक्का एन के 7328 ये मक्का कम समय मे जल्द ही तैयार होता है। इसके दाने छोटे नारंगी रंग तथा काफी वजनदार होते है। इसका पैदावार बहुत ही अच्छा है। वहीं सैकड़ो ग्रामीणों एवं किसान मौजूद थे।

### अभाविप ने मनाई शहीदों की पुण्यतिथि



**बरवाडीह।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बरवाडीह नगर इकाई के द्वारा शाहिद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जहां विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सागर कुमार वर्मा ने कहा कि देश के लिए अपनी जान को न्यौछावर करने वाले वीर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव जी का त्याग और बलिदान हमेशा के लिए अमर रहेगा। इस त्याग का हम सभी देशवासी हमेशा के लिए ऋणी हैं।

# जिप सदस्य व समाजसेवी ने क्षेत्र वासियों से सौहार्द पूर्वक होली पर्व मनाने का किया अपील

- शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का करें सहयोग : बलवंत सिंह
- होलिका दहन के दौरान एवं नकली रंग, अबीर से रहें सावधान: सुरेन्द्र पासवान



बलवंत सिंह।



सुरेन्द्र पासवान।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पासवान ने प्रखंड क्षेत्र वासियों से सौहार्द पूर्वक होली का पर्व मनाने का अपील किया है। वहीं दिन शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पासवान ने कहा कि होली पर्व वार्षिक उत्सव के साथ-साथ आपसी प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है इसलिए इस त्यौहार में किसी के दिल को ठेस पहुंचाने का कार्य न करें,लोगों के इच्छा अनुसार ही उन्हें प्रेम पूर्वक रंग, अबीर, गुलाल लगाएं और गले लगाकर उन्हें होली का बधाई दें। उन्होंने कहा कि 24 मार्च के दिन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर रात्रि में होलिका दहन कार्यक्रम किया जाएगा वहीं 25 मार्च को रंग उत्सव कार्यक्रम होगा। वहीं जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि क्षेत्रवासी होली के पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करें और प्रशासन द्वारा जारी किए गए नियमानुसार ही होली का पर्व मनाए। उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम व भाईचारे का त्यौहार है इसलिए इस पर्व में गिले-शिकवे भूलकर सभी को गले लगाएं और होली की शुभकामनाएं दें।

# बरवाडीह के इस सरकारी विद्यालय में दो कमरों में लगती है कक्षा एक से आठ तक क्लास

## सरकार की शिक्षा नीति के मजबूत दावों को खोखला साबित कर रही है यह विद्यालय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में कई सरकारी विद्यालयों की स्थिति खराब है, जो सरकार की शिक्षा नीति के मजबूत दावे को खोखला साबित करने के लिए काफी है। बता दें कि बरवाडीह प्रखण्ड के लात पंचायत स्थित उत्कर्मित मध्य विद्यालय बरखेता, वर्षों से भवन व शिक्षकों के अभाव का दंश झेल रहा है। भवन की कमी के कारण यहां सिर्फ दो छोटे-छोटे कमरों में ही एक से आठ तक कक्षाएं संचालित की जाती है। अधिकांक्ष बच्चों को विद्यालय परिसर में बैठाकर पढ़ाया जाता है। वर्तमान में विद्यालय में कुल 153 बच्चें है। भवन नहीं होने के कारण शिक्षक कई बच्चों का दाखिला नहीं ले पाते। यहां तक की ऑफिस भी एक कमरे के कोने में संचालित किया जाता है। वहीं विभाग द्वारा इस विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक ही प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जिसमें एक सरकारी और दो पारा शिक्षक हैं। जिस कारण बच्चों को कई विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती हैं। भवन और विषयवार शिक्षकों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।



उत्कर्मित मध्य विद्यालय बरखेता।

### कभी भी धराशाई हो सकती है रसोईघर

बता दें कि विद्यालय में महज दो कमरे है। जिसकी छत कभी कभी टूटकर गिरती रहती है। बीते सप्ताह एकाएक छत का प्लास्टर गिरने से कई बच्चे चोटिल होने से बच गए। वहीं रसोईघर की हालत पूरी तरह खस्ताहाल है। जिसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह कभी भी पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है। विडंबना है कि बावजूद इसके रसोइया दीदी अपनी जान जोखिम में डालकर इस जर्जर भवन में ही मध्यान भोजन पकाने का काम करती है। यहां भवन और शिक्षकों का अभाव देखकर यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि यहां की स्थिति सरकारी दावे को आईना दिखाने के लिए काफी है।

## एक नजर में

### सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



वाहन जांच करती पुलिस।

**बालूमाथ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लातेहार डीसी गरिमा सिंह के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान बालूमाथ के शहीद चौक, मकईयाटांड़ पिकेट, अमरवाड़ीह पिकेट समेत कई जगहों पर चलाया गया। इस दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के डिक्की एवं कागजात की जांच की गई। मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मादक पदार्थ से लेकर नगदी के परिवहन को रोकने के लिए विशेष नजर रखी जा रही है। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए प्रशासन चुस्त एवं दुरुस्त है।

### होली मिलन समारोह का किया आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित मनरेगा कर्मी व बीडीओ।

**बरवाडीह।** शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में मनरेगा कर्मियों के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मनरेगा कर्मियों के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम में जिप सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज समेत प्रखंड के कई अधिकारी व कर्मियों ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला परिषद और प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी कर्मियों को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी गई वही सभी कर्मियों ने भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा ने कहा कि होली का पर्व रंगों के साथ आपसी भाईचारे का महान पर्व है। जिसे सभी मिलजुल कर एकता के साथ मनाते है उन्होंने अभी कहा कि प्रखंड क्षेत्र में भी इस पर्व को आपसी एकता और भाईचारे के साथ सभी प्रखंडवासी मनाएंगे इसकी कामना है। वही मौके पर बीपीओ त्रिवेणी राम, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविन्द कुमार, रविकांत रवि, ज्वाला प्रसाद, अशोक राम, सत्येंद्र कुमार पासवान, रोशन कुमार, अनिल कुमार यादव, लवली कुमारी और अरुण कुमार समेत काफी संख्या में प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### युवाओं द्वारा चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान

**बरवाडीह।** बरवाडीह की स्वयंसेवी संस्था पिंकी फाउंडेशन के बैनर तले प्रखण्ड के दर्जनों छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के धार्मिक और पर्यटन स्थलों में स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण अभियान चलाते हुए समाज को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। पिंकी फाउंडेशन के बैनर तले चलाए जा रहे इस अभियान के तहत बेहतर कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को शनिवार को प्रखंड परिसर में संस्था के माध्यम से प्रशस्ति पत्र देकर जिला परिषद के सदस्य सन्तोषी शेखर के हाथों सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि हम सभी युवाओं का मुख्य उद्देश्य अपने क्षेत्र के पर्यावरण की रक्षा करना और अपने आसपास के सभी स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाते हुए समाज को जागरूक करना है। साथ ही संस्था के द्वारा आने वाले दिनों जरूरतमंद लोगों के मदद को लेकर भी कपड़ा बैंक की भी स्थापना की जाएगी । वही जिला परिषद के सदस्य सन्तोषी ने कहा कि युवाओं के द्वारा समाज को प्रेरणा देने और जागरूक बनाने के उद्देश्य चलाया जा रहा अभियान काबिले तारीफ है। इसके लिए सभी छात्र-छात्राओं और युवाओं को हम सभी को आगे आकर मदद करनी चाहिए। मौके पर शुभम अग्रवाल, चेतन वर्मा, ऋषभ किशोर, विष्णु कुमार, अमीषा अग्रवाल, सिंपल कुमारी, सिकंदर सिंह और प्रथम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रखंड कमिटि का किया गया विस्तार



**लातेहार।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन जिला कमिटी के द्वारा शनिवार को शहर के होटल सेलेब्रेशन इन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता और संचालन जिला सचिव विजय कुमार ने किया। जिलाध्यक्ष कहा कि होली दोस्ती व भाईचारा का त्योहार है। इसे मिलजुल कर मनाना चाहिए। सचिव विजय कुमार ने कहा कि होली असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह आपसी गिले शिवका भूल कर एक दूसरे को गले लगाने का त्योहार है। मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की बधाई दी। इससे पूर्व लातेहार प्रखंड कमिटि का विस्तार किया गया। प्रखंड उपाध्यक्ष रविशंकर कुमार, सह सचिव रमेश प्रसाद गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष शिवशंकर सिंह को बनाया गया। मौके पर उमाशंकर चैतन्य, अमित कुमार, रमेश प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, संतोष चंद्र गोस्वामी, चंद्रकांत प्रसाद, बलवंत सिंह, संजीत गुप्ता, ताराचंद प्रजापति, रवि शंकर प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद, अशोक कुमार, प्रदीप साव, बिरेंद्र यादव, पवन यादव, ओम गुप्ता, अमर कुमार, मुरली शर्मा, प्रकाश यादव उमेश साव समेत कई लोग मौजूद थे।

### आरपीडी सेनेट्रीज प्लबंर मीट का आयोजन




मौके पर उपस्थित लोग।

**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में राजहार मोड़ के पास आरपीडी सेनेट्रीज नामक प्रतिष्ठान में बिरला पाइप के द्वारा प्लबंर मीट का आयोजन किया गया। मौके पर बिरला पाइप के स्टेट हेड शशिकांत व सेल्स मैनेजर अरुण कुमार ने मुख्य रूप से भाग लिया। उन्होंने बिरला पाइप की जानकारी दी, कहा कि यह सभी गुणवत्ता पर खरा उतरता है। इसे उच्च नामक स्थापित कर बनाया गया है। प्रतिष्ठान के संचालक रामदेव प्रसाद आरपीडी ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान मे बिरला पाइप के हर रेंज उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में प्लंबर को कंपनी के द्वारा उपहार भेंट किया गया। मौके पर प्लंबर अर्जुन विश्वकर्मा, भोला प्रसाद, बबलू प्रसाद, पिंटू कुमार, विनोद व सुरेश समेत तकरीबन 50 प्लंबरों ने भाग लिया।

# बानपुर मुहल्ले की जायत्री नदी का अतिक्रमण मामले में नपं प्रशासक सख्त, दिये निर्देश



किया गया अतिक्रमण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अदालत ने नदी, तालाब समेत अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण करने का आदेश दिया है। लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या दो के बानपुर मुहल्ले से बहने वाली जायत्री नदी का अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके खिलाफ अब लोग भी मुखर होने लगे हैं। लोगों ने नगर पंचायत में एक आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। आवेदन में कहा गया है कि बानपुर में अनिल कुमार गुप्ता द्वारा अपनी निजी जमीन पर घर का निर्माण कराया जा रहा है। अभी बुनियाद खोदने का कार्य किया जा रहा है। लोगों ने कहा कि बुनियाद से निकली मिट्टी को सार्वजनिक रूप से बहने वाली जायत्री में डाल कर उसका अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस जगह पर मिट्टी डाल कर अतिक्रमण किया जा रहा है उस जगह पर नगर पंचायत द्वारा 24 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय बनाया गया है। इससे नगर पंचायत को राजस्व की प्राप्ति होती है। आवेदन मिलने के बाद नगर प्रशासक राजीव कुमार ने तत्काल संज्ञान लिया और कनीय अभियंता से स्थल जांच करायी। आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ने घर का निर्माण करा रहे अनिल कुमार गुप्ता को तत्काल नदी में डाले गये मिट्टी को हटाने का निर्देश दिया है। इस पर अनिल कुमार गुप्ता ने लिखित रूप से आवेदन देकर होली के बाद मिट्टी हटाने की बात कही है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी अनिल कुमार गुप्ता ने नगर पंचायत द्वारा निर्माण कराये गये नाली का अतिक्रमण किया था। इस मामले में विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद अनिल कुमार गुप्ता ने विभाग को मुआवजा का भुगतान किया था।

# शौचालय कार्य मे अनियमितता को लेकर बीडीओ को सौंपा आवेदन



आवेदन देते समिति के लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय में सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण में घोर अनियमितता को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शनिवार को सीओ सह बीडीओ को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि सीसीएल द्वारा प्रदत्त शौचालय निर्माण में संवेदक द्वारा सारे नियम को ताक पर रखकर घटिया किस्म का सीमेंट इट, बालू, छड़ व अन्य सामग्री का उपयोग कर शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य स्थल पर किसी प्रकार का कोई सुचना पट्ट भी नहीं लगा हुआ है। कार्य करा रहे मुंशी बीनोद लोहरा से कार्य के संबंध में प्राकलन मांगे जाने पर दिखाने से इनकार करते हैं। जिसके बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा काम करने के लीए मना कर दिया। परंतु समाचार लिखे जाने तक पुनः काम जारी था। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद, पदेन सचिव श्रवण कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, सदस्य योगेन्द्र पासवान, शांति देवी, सोनी देवी, शहनाज खातून, निर्मला देवी सहीत कई सदस्यों ने उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम को आवेदन सौंप कर कारवाई कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग किया है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी नन्द कुमार राम ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच कर संवेदक पर कार्रवाई कि जाएगी। प्रबंध समिति के सदस्यों ने उपायुक्त गरिमा सिंह से शौचालय निर्माण कार्य का जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# पूर्व डीसी राजीव कुमार ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवददाता**



ग्रामीणों कें साथ बैठक करते पूर्व डीसी राजीव कुमार।

**बालूमाथ।** लातेहार जिला के पूर्व उपायुक्त रह चुके राजीव कुमार ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के तस्तबार ग्राम में ग्रामीणों के साथ एक बैठक की और चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। मौके पर बोलते हुए कहा की चतरा लोकसभा की क्षेत्र की जनता की जन भावनाओ की मांग पर इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मन बनाया है। चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले प्रत्येक प्रखंडों एवं पंचायतों में विकास की असीम संभवानाए हैं। फिर भी इस क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आज भी इस क्षेत्र के लोग गरीबी, अशिक्षा, चिकित्सा, पलायन आदि समस्याओं से जुझ रहें रहे हैं। प्रकृति ने इस संसदीय क्षेत्र के लोगों को प्रचुर मात्रा में संसाधन उपलब्ध करवाया है। लेकिन इन संसाधनों को विकास के कार्य हेतू ठीक से आज तक कोई भी कार्य योजना नही बन पाई। जिसके फलस्वरूप आज यह संसदीय क्षेत्र प्राकृतिक संपदा से भरा-पूरा रहने के बावजूद भी विकास से कोसो दूर है। आज इस क्षेत्र के लोगों को लाइबीलीहुड संसाधनों के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। मैंने इस क्षेत्र का अपेक्षित विकास करने हेतु इस क्षेत्र के जनता के बीच जाने का मन बना लिया है और अगर कोई पाटी मुझे टिकट नहीं भी देती है तब भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में इस क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्प हूँ। मौके पर बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी, मारंगलोइया मुखिया सोनमणी देवी, मुरपा मुखिया अजय टाना भगत, शेरेगड़ा पूर्व मुखिया सुरेंद्र उराँव, ईश्वर लाल, वीरेंद्र कुमार, बबलू कुमार, उदय गंझु समेत कई लोग मौजूद थे।

